दो साल में देश के जीडीपी में होगा यूपी का 10% योगदान

317 अरब डालर से बढ़कर 515 अरब डालर हो जाएगी जीएसडीपी

यूरोप के विकसित देश नार्वे की अर्थव्यवस्था के हो जाएगा बराबर

अभिषेक गुप्ता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश देश में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) रिसर्च के मुताबिक वर्ष 2027 तक महाराष्ट्र के बाद यूपी की अर्थव्यवस्था देश में दूसरे नंबर पर होगी।

भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में यूपी की हिस्सेदारी 7 से बढ़कर 10 फीसदी हो जाएगी। वहीं, महाराष्ट्र की 13 फीसदी हिस्सेदारी का अनुमान है। तमिलनाडु, कर्नाटक और गुजरात जैसे राज्यों को यूपी पीछे कर देगा। इसी के साथ यूरोप के विकसित देश नार्वे की अर्थव्यवस्था के बराबर यूपी हो जाएगा।

वर्तमान में देश के सभी राज्यों का कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 38.6 खरब डालर है। वर्ष 2024 में यूपी का राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 317 अरब डालर रहा। राज्य की अर्थव्यवस्था अगले पांच वर्ष में 10 खरब डालर करने लक्ष्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रखा है। एसबीआई रिसर्च के मुताबिक योजनाओं और बुनियादी ढांचे में विकास के साथ आगे बढ़ रहे उत्तर प्रदेश की जीएसडीपी वर्ष 2027 में 515 अरब डालर होगी। यानी महज दो वर्ष में प्रदेश की जीएसडीपी में 198 अरब डालर की वृद्धि होगी। ये विकास चक्रवृद्धि आकार में होगी।

आर्थिक विकास के मामले में महज दो वर्ष में यूपी, तमिलनाडु को पीछे छोड़ देगा। साथ ही वित्त वर्ष 2027-28 में दो राज्य 500 अरब डालर के जीएसडीपी को पार कर जाएंगे। उनके महत्त्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय जीडीपी में लगभग 25 फीसदी योगदान देंगे।

ये हैं देश के शीर्ष 10 जीडीपी वाले राज्य

राज्य	अनुमानित जीडीपी	हिस्सेदारी	इन देशों के बराबर
महाराष्ट्र	647 अरब डालर	13%	वियतनाम
उत्तर प्रदेश	515 अरब डालर	10%	नार्वे
तमिलनाडु	426 अरब डालर	8%	चिली
कर्नाटक	395 अरब डालर	8%	कोलंबिया
गुजरात	386 अरब डालर	7%	कोलंबिया
राजस्थान	252 अरब डालर	5%	कतर
आंध्र प्रदेश	243 अरब डालर	5%	इथोपिया
तेलंगाना	239 अरब डालर	5%	अल्जीरिया
मध्यप्रदेश	234 अरब डालर	5%	अल्जीरिया
केरल	218 अरब डालर	4%	हंगरी